राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : कानून एक परिचय

पाठ 1 : कानून की अवधारणा

कार्यपत्रक - 1

1. कानून को परिभाषित करने हेतु आप किस सरकारी संगठन या सरकारी कर्मचारी के चयन की सलाह देंगे।

2. क्या आपको लगता है कि 'कानून' मानव व्यवहार के मार्गदर्शन के लिए बना है। अपने उत्तर के समर्थन में अपने दैनिक जीवन से उदाहरण दीजिए।

3. किसी भगोड़े को वापस लाने हेतु दो देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि कानून के बारे में कोई आपका सुझाव मांगे तो आप किस प्रकार के कानून का सुझाव देंगे। संक्षेप में कानून का वर्णन कीजिए।

4. लोगों के जीवन में न्याय प्रणाली के योगदान के बारे में आपके क्या विचार हैं?

5. 'न्यायाधीश न्याय के धर्मयोद्धा हैं'। उचित तर्कों के द्वारा इस कथन को सिद्ध कीजिए।

6. यदि आप अपने क्षेत्र के सिविल सोसाइटी संगठन के मुखिया होते तो आप कानून व्यवस्था में किस प्रकार के बदलाव लाने का प्रयास करते?

7. यदि आपको भारतीय संविदा अधिनियम का वर्णन करने के लिए कहा जाता है तो आप कानून की किस व्यापक श्रेणी का विस्तार से वर्णन हेतु चयन करेंगे?

8. क्या आपको लगता है कि सिविल कानून अनिवार्य रूप से प्रादेशिक प्रकृति का है? तर्क सहित उत्तर के साथ कथन का समर्थन कीजिए।

9. जब कोई व्यक्ति कहता है कि 'रीति में बाध्यकारी शक्ति होनी चाहिए चाहिए' तो इस कथन का क्या अर्थ है?

10. न्याय की प्रशासनिक व्यवस्था में अधिवक्ताओं की भूमिका का वर्णन कीजिए।